दूरभाष : 0522.2838108

कार्यालय
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उत्तर प्रदेश
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0 18, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ

Website http:// www.smcg-up.org /E-mail: apd@smcg-up.org

पत्र संख्या 896/ 0772-C/SMCG/01 दिनांक 03/08/23

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति,
उ0प्र0।

विषयः– जनपद में गंगा संरक्षण में कार्य कर रही महिला अधिकारी/कर्मचारी को नामित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय गंगा परिषद के उद्देश्यों और कार्यों की प्रति पूर्ति हेतु प्रदेश स्तर पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0 तथा समस्त 75 जनपदों में जिला गंगा समितियाँ का गठन किया गया है। दोनों महत्वपूर्ण संस्थाओं द्वारा प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियो की अविरलता, निर्मलता एवं संरक्षण हेतु आमजन का सहयोग प्राप्त किए जाने के लिए विभिन्न जन–जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं, जिसके तहत सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हो रहे है। सकारात्मक परिणामों की गति बढ़ाने के लिए जनपद स्तर पर गंगा कि स्वच्छता के लिए कार्य कर रही महिलाओं (मुख्य धारा तथा अन्य हितधारक) को प्रोत्साहित किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिये गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, पुनरोद्धार, स्वच्छता, अविरलता तथा निर्मलता में उत्कृष्ट कार्य कर रही एक महिला को नामित किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि निर्धारित प्रारूप पर एक महिला अधिकारी/कर्मचारी/प्रधान/खण्ड विकास अधिकारी/एन0जी0ओ0 के सदस्य/स्वयं सेवी कार्यकर्त्री/ग्राम सचिव/गंगा प्रहरी/गंगा मित्र/गंगा दूत/युवा मंगल दल आदि को नामित किये जाने तथा सूचना एस0एम0सी0जी0 को 10 दिनों में प्रेषित किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

क्र0 सं0	नाम	पदनाम	विभाग	मोबाइल	ई–मेल	किये गये कार्यों का विवरण
1	2	3	4	5	6	7

भवदीय

03-08-23

(डॉ बलकार सिंह)
सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/ परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी, नमामि गंगे कार्यक्रम, उ0प्र।
2. सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति, उ0प्र0।

सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/ परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0।